संख्या- 2/(6)/2020/रक्षा (समारोह)

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, 02 .6.2020

सेवा में

मुख्य सचिव,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली,
सचिवालय, आई. पी. एस्टेट,
नई दिल्ली।

विषय: **15 अगस्त,2020 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह- निमंत्रण पत्र जारी करनेके बारे में।**

महोदय,

गत वर्षों की भांति यह निर्णय लिया गया है कि 15 अगस्त,2020 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह को देखने के लिये प्रवेश निमंत्रण पत्रों द्वारा होगा। अत: आपसे अनुरोध है कि इस समारोह को देखने के इच्छुक दिल्ली प्रशासन और उससे संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों तथा आयोगों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों, जो केन्द्र सरकार में अवर सचिव या उससे ऊपर के अधिकारियों के समकक्ष हों, के नामों की सूची, ब्योरे सहित हिन्दी में भेजने की कृपा करें ताकि उन्हें इस समारोह के निमंत्रण भेजे जा सकें। कृपया सूचियां संलग्न प्रपत्र में वर्णक्रमानुसार (अलग-अलग) **15 जून,2020** तक भेज दें।

2. यदि दिल्ली प्रशासन के अधीनस्थ कार्यालयों में निचले रैंक के अधिकारी उक्त समारोह को देखने के इच्छुक हों तो उनके नाम की सूची अलग से भेजी जा सकती है।

3. कृपया राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के माननीय मंत्रियों एवं विधायकों, विशिष्ट नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं,स्वतंत्रता सेनानियों, स्थानीय और बाहर से आने वाले व्यक्तियों की सूचियां (तीन प्रतियों में)अलग-अलग तैयार करें और दिल्ली / नई दिल्ली के प्रमुख सार्वजनिक संस्थानों और संगठनों के पदाधिकारियों तथा उन अन्य गैर सरकारी व्यक्तियों की सूची भी भेज दें जिन्हें दिल्ली प्रशासन के मतानुसार 15 अगस्त,2020 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह देखने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। सूची में उल्लिखित प्रत्येक व्यक्ति के नाम के सामने उनका पूरा पता लिखा जाए ताकि निमंत्रण पत्र सही पते पर भेजा जा सके। विवाहित महिलाओं के मामले में अगर उनके पति उनके साथ आना चाहेंतो उनका नाम भी कोष्ठक में लिखा जाए। ऊपर उल्लिखित प्रमुख नागरिकों के नाम इस मंत्रालय को भेजी जाने वाली सूची में शामिल किए जाएं लेकिन इन प्रमुख नागरिकों तथा गैर सरकारी व्यक्तियोंके नामों की सूचियाँ अलग-अलग तैयार की जाएं।

4. **अधिक जानकारी के लिए कृप्यारक्षा (समारोह), रक्षा मंत्रालय से दूरभाष संख्या 2301 2904 या 2301 6547 पर संपर्क करें।**

भवदीय,

02/06/20

(एम पी गुप्ता)
निदेशक (समारोह)

प्रतिलिपि:

1) जनसंपर्क अधिकारी,
सूचना एवं प्रसार निदेशालय
ब्लॉक नं. 9, पुराना सचिवालय
दिल्ली-110054

2) विशेष कार्य अधिकारी (निमंत्रण), रक्षा मंत्रालय

परिशिष्ट 'क'

प्रपत्र

(अवर सचिव तथा उससे उच्च अधिकारियों के संबंध में)

(चार प्रतियों में प्रस्तुत करें)

मंत्रालय/विभाग.. कार्यालय का पूरा पता एवं स्थान..

कार्यालय ....

पदनाम	नाम	इस ग्रेड में निरंतर नियुक्ति की तारीख (*) एवं टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में स्थान (अनुच्छेद नं.)	वेतनमान		तैनाती के स्थान सहित कार्यालय का पता	विवाहित/ अविवाहित	आवासीय पता
			वेतन स्तर	मूल वेतन			
1	2	3	4	5	6	7	8

* यह केवल भारत सरकार के सचिव तथा उनके समकक्ष और इससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के संबंध में अपेक्षित है। ऐसे सभी व्यक्तियों के संबंध में जानकारी अर्थात उनका नाम, पदनाम, वेतन, टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में आने की तिथि तथा अनुच्छेद संख्या गृह मंत्रालय (पब्लिक अनुभाग) को भी भेजी जाए जिस से वे टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में वरीयता/अनुच्छेद के अनुसार सत्यापति लिस्ट बनाकर रक्षा मंत्रालय को उपलब्ध करा सकें।

सूची भेजने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम (स्पष्ट अक्षरों में)..................................

पदनाम...

कार्यालय पता..

दूरभाष सं:

(कार्यालय).......................(आवास)................